अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

फा.सं.4-1/2024-हिं.अ. दिनांक: 31-07-2024

आदेश

विषय: भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना के अन्तर्गत अनिवार्य हिंदी टंकण प्रशिक्षण की ऑफलाइन कक्षाओं में संस्थान के कर्मचारियों का नामांकन।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, हिंदी शिक्षण योजना के दिनांक 10 मई, 2024 के पत्र सं.13/15/2024/उ.नि.(टं./आ.)/1005 के अनुपालन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा संस्थान के विभिन्न विभागों/अनुभागों/केन्द्रों में कार्यरत निम्नलिखित 09 कर्मचारियों को हिंदी टंकण की ऑफलाइन कक्षाओं में अनिवार्य प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु नामित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गई है:-

हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित कर्मचारीगण

1	श्री विकास शुक्ला, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक	स्थापना अनुभाग (नि.का.)
2	सुश्री योगिता पाल, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक	स्थापना अनुभाग (नि.का.)
3	सुश्री सुमित्रा, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक	स्थापना अनुभाग (नि.का.)
4	श्री सोनू कुमार संगम, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक	संकाय प्रकोष्ठ
5	सुश्री सुशीला कुमारी, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक	वित्त प्रभाग
6	श्री दीपक यादव, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक	निदेशक कार्यालय
7	श्री जितेन्द्र बिहारी लाल, मसालची बैरर	जैव रसायन विज्ञान विभाग
8	श्री प्रदीप सिंह, मसालची बैरर, ग्रेड-II	अस्थिरोग विज्ञान विभाग
9	श्री सुशील, मसालची बैरर	शैक्षिक अनुभाग

सत्र अगस्त, 2024 से प्रारंभ होने वाले हिंदी टंकण प्रशिक्षण की अवधि 6 माह की है। यह प्रशिक्षण कार्य दिवसों में (शनिवार को छोड़कर) ही दिया जाएगा और कक्षाएं कार्यालय समय में 01 घंटे प्रतिदिन होंगी। नियमित कक्षाएं 22 अगस्त, 2024 से आरम्भ होंगी।

उपर्युक्त सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण अवधि में कक्षा में उपस्थित होना व उसकी समाप्ति पर परीक्षा में बैठना अनिवार्य है और कक्षा में गैर-हाजिरी को कर्त्तव्य की अवहेलना माना जाएगा। भारत सरकार के निदेशानुसार हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण हेतु नामित उपर्युक्त कर्मचारियों के लिए कोई एवजी (सब्स्टिट्यूट) नहीं दिया जाएगा।

जारी-2/-

अत: सम्बद्ध कर्मचारियों को, एतद्द्वारा, निदेश दिया जाता है कि वे दिनांक 20 अगस्त, 2024 को प्रात: 10.00 बजे हिंदी टंकण प्रशिक्षण में प्रवेश पाने के लिए सहायक निदेशक से संपर्क करें:-

प्रशिक्षण स्थल का पता: सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि)
हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण केन्द्र
कमरा नं. 106, लेवल-1, पूर्वी खण्ड-II
आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066.

संबद्ध केन्द्र-प्रमुख/विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण से यह भी अनुरोध है कि कृपया हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित कर्मचारीगण को प्रशिक्षण कक्षाओं में प्रशिक्षण प्राप्त करने से मना न किया जाए।

अत: सम्बद्ध कर्मचारीगण को निदेश दिया जाता है कि वे उक्त प्रशिक्षण केन्द्र में नामांकन प्राप्त करने हेतु हिंदी अनुभाग से संपर्क करें ताकि हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश प्राप्त करने हेतु हिंदी अनुभाग द्वारा आगे की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

(बी.एस. गिल)
मुख्य प्रशासन अधिकारी

वितरण: सभी सम्बद्ध कर्मचारीगण।
द्वारा: संबंधित विभाग/अनुभाग/केंद्र/निदेशक कार्यालय।

प्रतिलिपि:

- निदेशक/अपर निदेशक(प्रशासन)/संकायाध्यक्ष (शैक्षिक)/चिकित्सा अधीक्षक महोदया के निजी सचिव।
- वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदया के निजी सचिव।
- उप-सचिव/अधीक्षण अभियंता महोदय के निजी सचिव।
- विभागाध्यक्ष, जैव रसायन विज्ञान विभाग/अस्थिरोग विज्ञान विभाग।
- लेखा अधिकारी, ऑडिट अनुभाग।
- प्रशासन अधिकारी, स्थापना अनुभाग (नि.का.)/संकाय प्रकोष्ठ।
- संयुक्त निदेशक (टंकण/आशुलिपि), हिंदी शिक्षण योजना, ईस्ट ब्लॉक-7, लेवल-6, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066.
- सम्बद्ध कर्मचारीगण की वैयक्तिक फाइल।
- प्रभारी आचार्य, कंप्यूटर सुविधा : इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।